भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2229

दिनांक 14 मार्च, 2023 के लिए प्रश्न

गोकुल ग्राम

2229. श्री बी. बी. पाटील:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को देश में गोकुल ग्रामों की स्थापना के सम्बन्ध में जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गोकुल ग्रामों में स्थापित बायोगैस संयंत्रों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या वे गोबरधन योजना से जुड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या गोकुल ग्रामों की स्थापना के कारण ग्रामीण गरीबों का अपेक्षित उत्थान हुआ है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी पूर्ण ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख) राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग ने वैज्ञानिक और समग्र तरीके से देशी बोवाइन नस्लों के संरक्षण और विकास के उद्देश्य से 16 "गोकुल ग्राम" स्थापित करने के लिए निधियां जारी की हैं। विभिन्न राज्यों में स्थापित गोकुल ग्रामों का राज्य-वार और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध I में दिया गया है।

(ग) और (घ) गोकुल ग्राम के तहत बायोगैस संयंत्र की स्थापना को भी एक घटक के रूप में शामिल किया गया था और उनका निष्पादन मूल्यांकन नहीं किया गया है। वे गोबरधन योजना से नहीं जुड़े हैं क्योंकि आरजीएम के तहत गोकुल ग्राम घटक की स्थापना के दौरान उक्त योजना लागू नहीं थी।

(ड.) और (च) राष्ट्रीय गोकुल मिशन के कार्यान्वयन और भारत सरकार द्वारा उठाए गए अन्य कदमों के कारण देश में दूध उत्पादन वर्ष 2014-15 के 146.31 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 220.78 मिलियन टन हो गया है जो कि पिछले 8 वर्षों के दौरान प्रति वर्ष 6.3% की वृद्धि है। वर्ष 2021-22 के दौरान दूध के उत्पादन का मूल्य 9.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक है जो कृषि उत्पादों में सबसे अधिक है और धान और गेहूं के संयुक्त मूल्य से भी अधिक है। दूध की बढ़ती मांग को पूरा करने और देश के ग्रामीण किसानों के लिए डेयरी को अधिक लाभकारी बनाने के लिए यह योजना दुग्ध उत्पादन और बोवाइन की उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना देशी नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं की संख्या में वृद्धि और देशी स्टॉक की उपलब्धता में वृद्धि की ओर अग्रसर है।

******

अनुबंध -I

विभिन्न राज्यवार और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रवार संस्वीकृत गोकुल ग्रामों का विवरण

राज्य का नाम	क्र.सं.	गोकुल ग्राम का स्थान	लोकसभा क्षेत्र
आंध्र प्रदेश	1	गोपशु प्रजनन फार्म, चडालवाड़ा, प्रकाशम जिला	ओंगोल
तेलंगाना	1	पीवी नरसिम्हा राव तेलंगाना पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय	चेलवेल्ला
कर्नाटक	1	अमृतमहल, उपकेंद्र, लिंगदहल्ली, चिक्कमगलुरु, जिला	उडुपी चिकमगलुरु
गुजरात	1	धरमपुर, जिला: पोरबंदर	वलसाड
मध्य प्रदेश	1	गोपशु प्रजनन फार्म, रातोना, सागर	सागर
महाराष्ट्र	2	बुल मदर फार्म, ताथवाडे जिला पुणे	पुणे
		बुल मदर फार्म, पोहरा जिला अमरावती	अमरावती
पंजाब	1	बीर दोसांझ नाभा	पटियाला
हरियाणा	1	हिसार	हिसार
हिमाचल प्रदेश	1	थानाखास जिला ऊना	हमीरपुर
उत्तर प्रदेश	3	डीयूवीएएसयू, मथुरा	मथुरा
		अराजीलाइन्स वाराणसी	वाराणसी
		सिमरा वीरन, शाहजहाँपुर	शाहजहांपुर
अरुणाचल प्रदेश	1	तेजू, लोहित	अरुणाचल (पूर्व)
छत्तीसगढ	1	संस्थागत गोकुल ग्राम झालम, जिला-बेमेतरा	दुर्ग
बिहार	1	डुमरांव, बक्सर	बक्सर